## खबर संक्षेप



### बड़े भाई ने की अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या

**शहडोल।** जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पैरिबहरा बस्ती में नाजायज संबंध के चलते 52 वर्षीय तोसेराम कुशवाहा पर जीवन कुशवाहा समेत अन्य लोगों ने जानलेवा हमला किया। घटना के बाद तोसेराम कुशवाहा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर पुलिस ने हत्या करने वाले जीवन समेत अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि जीवन के छोटे भाई राजेन्द्र की पत्नी से मृतक तोसेराम के नाजायज संबंध थे। जिसे लेकर आरोपी जीवन व उसके भाई राजेन्द्र ने कई बार पुलिस से मामले को लेकर शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की लापरवाही के चलते आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# पानी की टंकी में कीड़े मरे, शौचालय, यूरिनल मलबे से पटे



सैकड़ों पक्षकारों का जहां रोज आना जाना होता है और दर्जनों वकील जहां पैरवी करने के लिए उपस्थित रहते हैं उस तहसील कार्यालय में मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। यहां स्वच्छ पेयजल और निस्तारी सुविधाओं का अभाव है।

**शहडोल।**

परिसर में दलालों का जमावड़ा रहता है और वाहन गेट पर खड़े कर दिए जाते हैं। पूरे तहसील कार्यालय में अव्यवस्थाओं का आलम है, लेकिन एसडीएम व तहसीलदार इस ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझते हैं। हालांकि इस संबंध में कई बार वकीलों और पक्षकारों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। वर्षो से स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। तहसील कार्यालय की व्यवस्था को सुधारने के लिए शायद आयुक्त के कड़े निर्देश की जरूरत है।

### टंकी की सफाई नहीं

बताया गया कि तहसील कार्यालय में पेयजल की सुविधा के लिए नल लगे हुए हैं। उन नलों में जिस पानी टंकी से सप्लाई होती है उसकी सफाई कभी नहीं होती है। इस टंकी में कीड़े मकोड़े मरे पड़े हैं, चिडिय़ों के पंख पड़े हुए हैं। रोज उसी टंकी से नलों में सप्लाई दी जाती है। इसके अलावा दोपहर के समय इन नलों का पानी तेज धूप के कारण इतना गर्म रहता है कि उसे कोई पी नहीं सकता। अंदर एक आरओ रखवाया गया था लेकिन उसका रखरखाव नहीं होने के कारण वह बिगड़ गया और फिर उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। इतनी बड़ी तहसील में जहां सैकड़ों पक्षकार रोजाना आते हैं वहां पीने के लिए साफ पानी भी नहीं मिलता है। यह तो गनीमत है कि लोग नलों का पानी पीते नहीं हैं अन्यथा बीमारी भी फैल सकती है।

### शौचालय की सफाई नहीं

तहसील कार्यालय में शौचालय बना हुआ है, यूरिनल की ब्यवस्था है लेकिन सफाई नहीं होने से इतनी गंदगी है कि वहां कोई घुसने की हिम्मत भी नहीं कर पाता है। दूर से ही सड़ांध उठती है और चारो ओर गंदगी फैली नजर आती है। पेशाबघर में चारो ओर सीलन और कूड़ा करकट बिखरा पड़ा है। मजबूरी में लोग इधर उधर खुली जगहों में पेशाब करते हैं। शौचालय और यूरिनल बनवाने का कोई लाभ नहीं हुआ। इस बात की जानकारी बड़े अधिकारियों को है लेकिन वे इस ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझते हैं। उन्हे जनसामान्य की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। बताया जाता है कि तहसील में स्वीपरों की व्यवस्था के लिए कुछ वर्ष पूर्व प्रयास किए गए थे। सप्ताह में दो स्वीपर आते थे, लेकिन इसके बाद अचानक व्यवस्था भंग हो गई और स्वीपरों ने आना बंद कर दिया। तब से यहां गंदगी बजबजाने लगी।

### पक्षकारों को बरगलाने का प्रयास

पूरे तहसील परिसर में दलाल घूमते रहते हैं और पक्षकारों को सस्ते में काम करा देने और अच्छा वकील दिला देने के नाम पर उन्हे घेर लेते हैं और ठगने का प्रयास करते हैं। उनसे पैसा ऐंठ कर वे संबंधित किसी बाबू या वकील के पास ले जाते हैं। फिर धीरे धीरे और पैसा निकलवाया जाता है, पक्षकार का काम होता नहीं है और उसे चूस लिया जाता है। थक हार कर वह अंत में अपने किसी परिचित या अच्छे वकील के पास पहुंच पाता है। पक्षकार का काफी समय और पैसा दलालों के चक्कर में बर्बाद हो जाता है। इस बात की भी शिकायत की जा चुकी है लेकिन प्रशासनिक तौर पर कोई उपाय नहीं किया गया। तहसील कार्यालय में हालांकि वाहनो के खड़े करने की जगह है लेकिन कड़ी निगरानी बिना लोग लापरवाही पूर्वक वाहन तहसील कार्यालय के गेट के सामने खड़े कर देते हैं जिससे आने जाने में काफी परेशानी होती है।

# ग्राम पंचायतों में लग रहे प्रशांत ट्रेडर्स के बिलों की जांच की मांग




**ब्योहारी।**

जनपद पंचायत सीईओ की निष्क्रियता के चलते ग्राम पंचायतो मे फर्जी वेंडरो मे इजाफा हुआ है। सरपंच एवं सचिवों द्वारा वेंडरो से मिली भगत कर राशि का बंदर बांट किया जा रहा है। वही वेंडर भी बिना हिचकिचाहट अपना कमीशन ले कर फर्जी बिल जारी कर रहे है, जिस ओर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे, लोगों की माने तो, इनके लेन-देन की बारीकी से जांच हुई तो, पूरा का पूरा मामला साफ हो जायेगा।

### कहां कर रहा है सप्लाई

खबर है कि ब्योहारी के मनटोला तिराहा के पास एक छोटी सी दुकान है , जिसके द्वारा जनपद पंचायत ब्योहारी के एक छोर से लेकर अंतिम छोर तक बसे ग्राम पंचायतो मे सरपंच एवं सचिव से सांठ-गांठ कर मटेरियल सप्लाई का बिल लगाया जा रहा है, जिसे देख कर ही पंचायतो मे लगाये जा रहे फर्जी बिलो का अंदाजा लगाया जा सकता है। लोगों द्वारा आरोप लगाया जा रहा कि प्रशांत ट्रेडर्स द्वारा जनपद पंचायत ब्योहारी अंतर्गत करोड़ो रूपये के बिल लगाया गया है, जिसकी जानकारी भी वाणिज्य कर विभाग को न देकर टैक्स की चोरी की जा रही है। हकीकत क्या है यह तो जांच के बाद ही पता चल पायेगा। प्रशांत ट्रेडर्स से ग्राम पंचायत सरसी की दूरी लगभग 60 से 65 किलोमीटर दूर है, जबकि पपौंध जिसकी दूरी 10 किलोमीटर के लगभग होगी , इसके बाद भी प्रशांत ट्रेडर्स के यहां मटेरियल खरीदी का फर्जी बिल लगाया गया है।

### टैक्स की चोरी का अंदेशा

बताया जा रहा है की यदि आयकर विभाग द्वारा प्रशांत ट्रेडर्स द्वारा क्रय एवं विक्रय किये गये समाग्री के साथ ही पंचयतो मे लगाये गये बिलो की बारीकी से जांच की गयी तो, लाखो रूपये के हुए फर्जीवाड़े के टैक्स चोरी से पर्दा हट जायेगा और पूरा का पूरा मामला आईने की तरह साफ हो जायेगा।

### इनका कहना है

आप एक लेटर बना कर दे दीजिये जांच करवा लूंगा।

**बी. के. बरकडे**
**वाणिज्य कर अधिकारी**

# ग्रामीण क्षेत्र में फिसड्डी साबित हो रहा जल-जीवन मिशन

## जल जीवन मिशन अधिकारियों ने बना दिया भ्रष्टाचार का मिशन

**बिरसिंहपुर पाली।**

जल जीवन मिशन को पीएचई के अफसरों ने भ्रष्टाचार का मिशन बनाकर रख दिया। ठेकेदारों के साथ सांठ-गांठ कर करोड़ों के काम रेवडी. की तरह बांट दिया। नतीजा करोड़ों के कार्य में जमकर भ्रष्टाचार किया गया और जेब भारी होने से अधिकारी घृतराष्ट्र बने बैठे रहे। जिससे करोड़ों का काम होने के बाद भी आज भी गांव में ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है, टंकी और नल-जल कनेक्शन शोपीस बनकर रह गया है। जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली में कहीं बाल्टी भर पानी मिल पा रहा है तो, कहीं नल कनेक्शन घरों के सामने बनाकर धूल खाते पड़े हैं, जहां पानी बूंद भर नहीं पहुंच पाया, निर्माण कार्य में जमकर गड़बड़ी हुई है, जिसका नतीजा यह है कि पानी भले ही बूंद भर ना मिला हो, लेकिन घरों के सामने बनाए गए नल कनेक्शन के लिए चबूतरे टूट फुट कर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



करोड़ों की नल जल योजना भ्रष्टाचार में तब्दील हो रही है, आज देखा जा रहा है कि घरों तक पानी पहुंचाने के लिए जो पाइप लाइन बिछाई गई है, जगह-जगह से लीकेज है, मगर इसके बावजूद ठेकेदारों को आंख मूंदकर भुगतान किया गया, बिरसिंहपुर पाली के बैगा ग्रामीण आदिवासी क्षेत्र में जल जीवन मिशन को पीएचई के इंजीनियर से लेकर आलाधिकारियों तक कमाई का मिसाल बना दिया।

इतना ही नहीं जल जीवन मिशन की स्थिति पाली जनपद में खराब है, पाली ब्लॉक के ग्राम बेली, कठई, मेडक़ी, बकेली ग्राम में करोड़ों की नल-जल योजना व पानी टंकी लीकेज स्पष्ट देखा जा सकता है कि यहां के आधे से ज्यादा घरों में पाइपलाइन बिछाई ही नहीं गई, जहां पाईप लाईन बिछाई भी गई है, वहां भी ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे, इसी तरह ग्राम कठई में नल कनेक्शन लगाकर साल भर से धूल खा रही है।

हकीकत में देखा जाए तो पाली जनपद के ग्रामीण इलाकों में जल जीवन मिशन की स्थिति काफी चिंताजनक है, यहां पौने दो साल बाद भी नल लगाने का काम पूरा नहीं हो पाया, इसी दौरान एक ठेकेदार काम छोडक़र भाग गया है, दूसरा ठेकेदार पाली जनपद के ग्रामीण इलाके का है।

जिसने अभी तक अपना काम अधूरा छोड़ रखा है, इसी मामले में संबंधित विभाग की अधिकारी भी किसी तरह की संज्ञान नहीं ले रहे है, इस मामले की शिकायत कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों से की गई, लेकिन किसी तरह का उन्होंने संज्ञान नहीं लिया ठेकेदार समय में अपना काम नहीं किया और कई घरों में तो कनेक्शन तक नहीं लग पाया, इसके लिए तो जिला प्रशासन को ऐसे ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर देना चाहिए, जिन घरों में नल लगा है, उनमें अधिकांश की टोटियां सूखी पड़ी हुई है, यहां ठेकेदार ने पीएचई से बिल पास कराने के लिए लोगों से आधार कार्ड लेकर उनके घरों के सामने आनन-फानन में प्लेटफार्म बनवाकर नल लगवा दिया है तो, कहीं घरों के सामने सिर्फ कनेक्शन पाइप लगाकर छोड़ दिया है।

# छात्र-छात्राओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिये योग्य शिक्षक, शिक्षिकाओं का किया चयन

### सनबीम स्कूल के छात्र अच्छी शिक्षा से जिले का नाम कर रहे रोशन

**अमलाई।**

सनबीम कानवेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल जो छात्र छात्राओं के अध्ययन का उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र के नाम से विख्यात है। सनबीम कान्वेन्ट स्कूल की संस्थापक एवं डायरेक्टर श्रीमती प्रभा वर्मा जो दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर तक की शिक्षा ग्रहण कर, शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार तथा निर्धन एवं पिछडे तथा अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का संक्ल लेकर अनूपपुर जिले में सनबीम कान्वेंट स्कूल की स्थापना कर आदिवासी बाहुल्य जिले में छात्र छात्राओं की गुणवत्ता में सुधार करने के लिये योग्य शिक्षक, शिक्षिकाओं का चयन कर अध्यापन की कार्य कराया जा रहा है। परिणाम भी रहा कि पांचवी, आठवीं तथा दसवीं बोर्ड परीक्षा में छात्रां ने प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया तथा विद्यालय में गौरवमयी इतिहास बताया।

### गरीब छात्र छात्राओ को मुफ्त शिक्षा

सनबीम कान्वेंट स्कूल में गरीब छात्र, छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। तथा कमजोर छात्रों के अध्ययन कार्य के लिये पृथक से कक्षाएं विद्यालय में आयोजित किया जाकर उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार लाया जाता है।



### सनबीम के छात्र छात्राओं का हमेशा शानदार प्रदर्शन

सनबीम कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने विगत अंडर 16 में बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अनूपपुर जिले का नाम रोशन किया था। राष्ट्रीय राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता अहमदाबाद गुजरात में आयोजित की गई थी। जिसमें सनबीम के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर गोपाल सिंह मराबी ने 8 वां स्थान अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इमरान कादरी, कृष्णा सोनी, किशन पाण्डेय ने भी राष्ट्रीय एथलीट मे नाम रोशन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। गौरतलब है कि सनबीम के प्राचार्य पद हर्षिता श्रीवास्तव जो एमएमसी गोल्ड मेडलिस्ट है तथा पूरा स्टाफ एजूकेटेड अध्यापक है तथा छात्र छात्राओं को बेहतर उत्कृष्ट तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर छात्रों के भविष्य को संवारने मे अपना अनमोल भूमिका अदा कर रहे हैं।

### गुणवत्ता पूर्ण प्रदान की जा रही शिक्षाः श्रीमती प्रभा वर्मा

सनबीम स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती प्रभा वर्मा ने विद्यालय के बारे में बताया कि हम शिक्षा का व्यावसायीकरण नही चाहते। हम विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा शासन के मंसानुसार तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना हमारा मूलभूत सिद्धांत है। हम राष्ट्र के निर्माण में छात्र छात्राओं का योगदान चाहते हैं। तथा नई शिक्षा प्रणाली के आधार पर अध्ययन करना चाहते है तथा छात्रों के उज्वल भविष्य के लिये संकल्पित हैं।

### परिजनों को नही होंने देंगे निराशः जीतेन्द्र ड्रूषसह

शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूचि रखने वाले शिक्षाविद् व समाजसेवी जीतेन्द्र ड्रूषसह ने अनौपचारिक वार्ता में कहा कि बच्चों से ही एक बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है और जब हमारा विकास करेगा तो मानवता भी विकसित होगा। भेद-भाव मिटाकर आगे बढने का अवसर प्राप्त होगा और यह सब एक बेहतर शिक्षा ही प्रदान कर सकता है। इसलिए विद्यालय में ऐसी शिक्षा व्यवस्था की गई है कि बच्चों के परिजन गर्व करेंगे और कभी उन्हें निराश नही होने दिया जायेगा।




# मरम्मत बिना हादसों को दावत दे रहे दर्जनों सरकारी भवन

### छतों के प्लास्टर उखड़े, दीवारों में दरार, बजट के लाले पड़े

**शहडोल।** नए भवनों का निर्माण कराने शासन करोड़ों का बजट आवंटित कर देता है लेकिन वर्षों पुराने जर्जर आवास धीरे धीरे धराशायी होने की कगार पर पहुंच गए हैं लेकिन उनके रखरखाव के लिए शासन के पास न तो बजट है और उनकी सुध ली जा रही है। जबकि यहां दर्जनों कार्यालय व शालाएं इन्ही भवनों में संचालित हो रहे हैं। बताया जाता है कि रखरखाव के लिए हर साल वरिष्ठ कार्यालयों को सूचित किया जाता है और मांग की जाती है लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। रीवा रोड मछली विभाग के सामने स्थित टेक्निकल का हास्टल भवन इसी श्रेणी का भवन है जिसमें आधा दर्जन कार्यालय संचालित हो रहे हैं। जिले में कई प्राथमिक व माध्यमिक शालाएं ऐसी हैं जिनके भवन अत्यंत जर्जर हैं। नगर की मॉडल स्कू ल का भवन अत्यंत जर्जर है। यही स्थिति अर्बन बेसिक की भी है।

**गिर सकता है हॉस्टल का भवन9** लगभग 60 वर्ष पुराने टेक्निकल के हॉस्टल भवन में करीब आधा दर्जन कार्यालय संचालित हो रहे हैं। यहां दिन भर गहमागहमी बनी रहती है। लेकिन इस भवन की हालत यह है कि इसका वर्षों से रखरखाव नहीं कराया गया। भवन की छत के प्लास्टर उखड़ चुके हैं, छत के लोहे, कांक्रीट दिखाई पडऩे लगे हैं। दीवारों में दरारें नजर आने लगी हैं। पेड़ पौधे उग आए हैं। वर्षा के समय छत का पानी अंदर कमरों में घुसता है। कार्यालयों में काम करना कठिन हो जाता है। यही नहीं इसकी कुछ दीवारों में करंट भी फैलता है। जिससे असुरक्षा और भी बढ़ गई है। लेकिन करीब एक दशक से भी अधिक समय से इस भवन का रखरखाव नहीं हुआ। यह कभी भी धराशायी हो सकता है।

**स्कूलों के भवन जीर्ण-शीर्ण-** जिले की दर्जनों स्कूलें ऐसी हैं जिनके भवन अब जर्जर होने के कारण उपयोग के योग्य नहीं रह गए हैं। फिर भी इनसे काम चलाया जा रहा है। इन स्कूलों के जर्जर भवनों से वर्षा काल में इतना पानी छत से टपकता है कि कमरों में बच्चों को बैठाते ही नही बनता है। कई बार कक्षाएं भी निरस्त करनी पड़तीं हैं। संस्था प्रमुख बताते हैं कि निरंतर सूचनाएं दी जातीं हैं लेकिन कभी भी ध्यान नहीं दिया जाता है। ऐसे भवनों के धराशायी होने का भय बना रहता है। नगर की मॉडल स्कूल का हाल ऐसा ही हैं। स्कूलों के मैदान में पानी का भराब होता है। मैदानों का समतलीकरण कभी नहीं कराया जाता है। बरसात में कीचड़ पानी के कारण बच्चों से आते जाते भी नहीं बनता है।

**एक करोड़ हुआ स्वीकृत-** अर्बन बेसिक स्कूल का हाल यही है, इसकी छत अत्यंत जर्जर है, स्कूल धराशायी होने की कगार पर है। वर्षों से इसकी मरम्मत के लिए प्रयास किए जा रहे थे। जिस पर शासन ने इस स्कूल के नए भवन निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। लेकिन यह राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुई और स्कूल का काम शुरू नहीं हुआ है। इस वर्ष भी बच्चों को असुविधाओं के बीच ही कक्षाओं में पढऩा पड़ेगा। शासन से रकम तो स्वीकृत हो जाती है लेकिन काम काफी विलंब से शुरू होता है। कई माह पूर्व बजट स्वीकृत होने के बाद भी काम शुरू नही हो सका।

**बजट का प्रावधान बदला-** लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब शासन का प्रावधान संशोधित हो गया है। अब विभाग को शासन रखरखाव के लिए कोई बजट नहीं देता। प्रावधान यह कर दिया गया है कि जिस विभाग का भवन जर्जर होता है उसके द्वारा बजट स्वीकृत कराया जाता है। उसका बजट लोक निर्माण विभाग को मिलता है और फिर विभाग निर्माण कार्य कराता है। वार्षिक मरम्मत के नाम पर नाममात्र का बजट प्राप्त होता है, जो कि अफसरों के बंगलों व अन्य जगहों में व्यय हो जाता है। शासन अब नए भवन बनाने अधिक उत्सुक रहता है।

# पेट्रोल पम्पों में सुविधाएं नहीं, ग्राहकों से दादागिरी भी

### प्रशासनिक अमले की कसावट पड़ी ढीली, बढ़ रही मनमानी

**शहडोल।** प्रशासन की कसावट ढीली होने और पेट्रोल पंप के संचालकों की मनमानी के कारण वाहन चालकों को वांछित सुविधाएं नही मिल पा रहीं हैं। इसके विपरीत माप तौल में गड़बड़ी किए जाने से ग्राहकों से विवाद की स्थिति निर्मित होती है। पम्पों में कार्यरत कर्मचारी ग्राहकों से अभद्रता करते हैं जबकि सेठ गद्दी लगाए सोता रहता है। कुछ पम्पों में तो संचालकों का पता ही नहीं रहता केवल कर्मचारियों के भरोसे कारोबार चलता रहता है। पेट्रोल पंपों की समय समय पर जांच पड़ताल होनी चाहिए और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया जाना चाहिए लेकिन विभागीय अधिकारी अपना समीकरण बना चुप्पी साधे बैठे रहते हैं।



### हवा भरने की सुविधा नहीं

प्रावधान है कि पेट्रोल पम्प में हवा भरने की निः शुल्क सुविधा होनी चाहिए, वाहन में पेट्रोल लेने के बाद वाहन चालक अपने वाहन की हवा सरलता से चेक करा ले। लेकिन किसी भी पम्प में यह सुविधा नहीं है, एक दो पंपों में कुछ दिन तक सुविधा चली लेकिन बाद में व्यापार चलने लगा। यहां हवा भरने वाले व्यापार करने लगे। हवा भरने का 5 रुपया और अब तो 10 रुपया वसूल रहे हैं। पंप संचालक उन्हे मना करने की बजाय उन्हे शह दे रहे हैं। यहां पंक्चर बनाने और टायर बेचने का काम भी चलने लगा। निस्तार की सुविधा भी नहीं मिल रही है। ग्राहकों की सुविधा लुप्त हो गई। अगर जिला प्रशासन, फुड विभाग, नाप तौल विभाग यहां अस्तित्व में है तो नागरिकों की यह सुविधाएं कहां है आखिर तलाश क्यों नहीं की जाती ?

### फायर सेफ्टी कितनी है?

एक तो कई पेट्रोल पम्प बस्ती के अंदर संचालित हैं और फिर उनमें फायर सेफ्टी के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। अगर आग भडक़ जाए तो हाहाकार ही हो जाएगा। बस्ती के अंदर से पम्प हटाने की प्रक्रिया तो सबसे पहले की जानी चाहिए। भीड़ भरे जयस्तंभ चौक में और मेन रोड पर वन संरक्षक कार्यालय के सामने टाल के बगल में पेट्रोल पंपो का संचालन हो रहा है।

बिना पर्चे के बिक रही प्रतिबंध दवाइयां

# ड्रग अधिकारी नहीं करते मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण

### झोलाछाप डाक्टरों की लिखी पर्ची से मिल रही दवाई

**उमरिया।** जिले भर में कई मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से मेडिकल स्टोरों का संचालन किया जा रहा है और लोगों को डॉक्टरों के पर्चे के बगैर दवाइयां बेची जा रही है। हालात ऐसे है कि जिले के कई मेडिकल स्टोर तो मेडिकल की आड़ में डॉक्टरी उपचार तक कर रहे है, छोटी से बड़ी बीमारियों का इलाज कर रहे है और बिना एमबीबीएस डॉक्टर के सलाह के दवाई भी दे रहे है, जो की नही देना चाहिए, अधिकांश मेडिकल वाले अधिक रेट में दवाई बेच देते है और नींद की दवाई तक बेच रहे है और नशीली दवाइयां भी बेच रहे है, जिनसे नशा करने वाले युवा आसानी से नशीली दवाइयां खरीद लेते है और खुलेआम नशा करके नशे के आदी बनते जा रहे है।

### मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद

शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में संचालित किए जा रहे मेडिकल स्टोरों को संचालित करने वाले दवा कारोबारियों में से कई के पास तो मेडिकल स्टोर का रजिस्ट्रेशन तक नहीं है, जिनके पास रजिस्ट्रेशन है, उनके पास बी-फार्मा डिग्री या डिग्री धारी कर्मचारी नहीं है और जिनके पास रजिस्ट्रेशन और बी-फार्मा डिग्री है, उनमें से ज्यादातर मेडिकल संचालक नियम विरुद्ध तरीके से बिना डॉक्टर के पर्चे के लोगों को खुलेआम दवाइयां बेच रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई के नाम पर चुप्पी साधे हुए है। जिससे अवैध तरीके से दवा बेचने का कारोबार कर रहे मेडिकल संचालकों के हौसले बुलंद है।

### किराए के लाइसेंस से चल रहे मेडिकल स्टोर

धंधा चंगा है? साहब अधिकांश देखा जा रहा है कि? किसी भी दोस्त यार या रिश्तेदार के नाम से मेडिकल स्टोर का लाइसेंस जारी करवा कर या फिर किराए के लाइसेंस ले कर मेडिकल स्टोर संचालित हो रही है और अगर कोई कार्यवाही हो या अधिकारी आए तो, उसे



फोन कर के बुला लिया जाता है और उसे मेडिकल में बैठा दिया जाता है, लेकिन सच्चाई यही है कि किसी और के द्वारा मेडिकल स्टोर संचालित किया जा रहा है और इस मेडिकल स्टोर संचालक के द्वारा अपनी मेडिकल चलाने के लिए किसी न किसी झोलाछाप डॉक्टर को बैठा कर उसे जगह देकर उसकी फर्जी क्लिनिक संचालित करवाया जा रहा है और अपने कमाई का जरिया बना लिए है, ऐसा नहीं है जिम्मेदार नहीं जानते है।

### नियमों की अनदेखी कर चल रहे मेडिकल स्टोर

जिला मुख्यालय से लेकर तहसील और जिले भर के हर छोटे-बड़े. कस्बो में मेडिकल स्टोरों की भरमार है। शहर में संचालित मेडिकल स्टोर नियमों का पालन न करते हुए डॉक्टरों के पर्चे के बिना लोगों को दवाइयां दे रहे हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में मेडिकल स्टोर संचालित करने वाले ज्यादातर लोगों के पास बी-फार्मा की डिग्री और रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। यही हाल नौरोजाबाद और करकेली में नियमों की अनदेखी कर चल रहे , मेडिकल स्टोर और झोलाछाप डॉक्टरों की दुकान जिसमें ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य विभाग और ड्रग विभाग का मौखिक संरक्षण प्राप्त है, जिले के अन्य कस्बो में संचालित मेडिकल स्टोरों पर बडी आसानी से मिल जाएगी।

### एक लाइसेंस पर चल रही हैं कई दुकानें

जिले में अधिकांश मेडिकल स्टोर दूसरे लोगों की डिग्री से संचालित किए जा रहे है। मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा बी फार्मा डिग्री धारी व्यक्ति को मेडिकल पर रखने की बजाए 03 से 04 हजार रुपए में कम पढ़े लिखे युवकों को मेडिकल स्टोरों पर लगा रखा हैं, जिन्हें दवाइयों की भी कोई जानकारी नहीं होती हैं, पर वह मेडीकल स्टोर संचालक के बताए अनुसार मरीजों को दवाइयां दे-देकर दो से तीन महीने में ट्रेंड हो जाते है और मेडिकल स्टोरों का संचालन करते है। जिले में अधिकतर दुकानें एक-दो लोगों की हैं जो एक ही लाइसेंस पर अलग-अलग नाम से संचालित की जा रही हैं। नियमानुसार एक लाइसेंस पर सिर्फ एक दुकान का संचालन किया जाता सकता हैं।


### ड्रग इंस्पेक्टर नहीं करते निरीक्षण

जिले भर में कई मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे है, जो वैध है या अवैध इसकी ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा कभी छान-बीन तक नहीं की जाती है। बताया जा रहा है कि जिले के ड्रग इंस्पेक्टर का प्रभार जिले के ड्रग इंस्पेक्टर पर हैं, लेकिन वह उमरिया जिले में नौरोजाबाद ,करकेली, पाली, घुलघुली, चंदिया, उमरिया, घुनघुटी, मानपुर, जिले के लगे सभी ग्रामीण क्षेत्रों में आकर न कभी मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण करते हैं और ना हीं किसी मेडिकल पर छापामार कार्रवाई करते है। इस वजह से जिले में नियम के विरुद्ध मेडिकल स्टोरों चल रहे है और प्रतिबंध दवाई बिक रही है

---

खबर संक्षेप

## जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन के दौरान पार्षदों का हुआ अपमान



**उमरिया।** नगर पालिका द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन के दौरान नगर पालिका क्षेत्र के पार्षदों का अपमान किया गया है, प्रदेश सरकार के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का 5 जून से अभियान की शुरुआत की गई थी, इस अभियान के तहत पूरे मध्य प्रदेश सहित उमरिया जिले की नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया गया, जिला मुख्यालय में इस आयोजन का शुभारंभ सागर तालाब से किया गया था, जिसमें नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सीएमओ व जिले के कलेक्टर शामिल हुए थे, लेकिन इस कार्यक्रम में शुभारंभ के दौरान भी पार्षदों उसे कार्यक्रम में भी आमंत्रित नहीं किया गया था, लेकिन आज कार्यक्रम के समापन के दौरान जिला मुख्यालय स्थित जिले के जीवनदायिनी उमरान नदी के खलेसर घाट में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, लेकिन उसे कार्यक्रम के दौरान भी पार्षदों का खुलकर अपमान किया यहां तक पार्षद अपनी इज्जत बचाने पीछे की सीट पर बैठे मिले, जब की नगरपालिका के कोई भी कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष सहित पार्षदों की सीट आगे आरक्षित रहती है, लेकिन नगरपालिका ऐसा उचित नही समझी पार्षदों ने बताया की सबका माल्यार्पण हुआ, लेकिन हमारा माल्यार्पण करना भी नगर पालिका स्टाफ उचित नही समझी, जबकि कलेक्टर भी उस कार्यक्रम में उपस्थित थे, जहाँ जनप्रतिनिधियो का अपमान होता रहा।

## भजन संध्या कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** गंगा दशहरा के अवसर पर जिला मुख्यालय उमरिया में उमरार नदी के खलेसर घाट मे आयोजित जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह कार्यक्रम के अवसर पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों के व्दारा एक से बढकर एल जल की महत्ता पर आधारित गीत, नाटक की प्रस्तुीति दी गई । जिसकी सराहना उपस्थित जनों के व्दारा की गई । इस दौरान आर सी स्कूल के छात्रों व्दारा जल संरक्षण, संवर्धन पर गीत की प्रस्तुति दी गई । संदेश नाटय मंच व्दारा नाटक के माध्यम से जल को बचाने , हरे भरे वृक्षो को नही काटने, अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया गया , विदित हो कि डायरेक्टर राजा तिवारी ने बचपन से ही रंगमंच करना शुरू किया। स्थानीय बोली और अपनी मिट्टी से जुड़े नाटकों और परंपरा और संस्कृति कोज़िंदा रखने के लिए सतत कार्यरत हैं। कई बड़े नाटकों क्रमशः पंचलाइट, अंधायुग, अच्छे आदमी, खबसूरत बहू,दास्तान ए शिवपाल गंज, महाभोज सहित प्रमुख नाटकों में अभिनय का लोहा मनवाया है। संस्था की विशेषता यह भी है कि, डी एल दाहिया एक दृष्टि बाधित कलाकर हैं। बावजूद इसके वह आज की कलाकारों की पीढ़ी के लिए प्रेरणा बने हुए हैं।

## जमीनी विवाद में 4 लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला

**कटनी।** जमीनी विवाद को लेकर चार लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के हमले में दो युवक और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से एक की हालत अति गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है।

---

दीपो की जगमगाहट से रोशन हुआ खलेसर घाट

# प्राचीन जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन हुआः कलेक्टर

### जल स्त्रोतों को मिला नया जीवनः विधायक बांधवगढ

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर मे परंपरागत जल स्त्रोतो के सुधार और साफ सफाई का कार्य किया गया। सरकार के प्रयासो और आम जनता के सहयोग से कई तालाबो, कुओ, कूपो तथा अन्य जल स्त्रोतो मे जीर्णोध्दार के कार्य किए गए । प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव की जल संरक्षण की अभिनव पहल से जिले भर में जल स्त्रोतो को नया जीवन मिला है। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने गंगा दशहरा के अवसर पर जिला मुख्यालय में उमरार नदी के खलेसर घाट मे आयोजित जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

उन्होंने कहा कि इस अभियान को आगें भी जारी रखा जाए। प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे आस पास के तालाब, कुओं,



बावडी को स्वच्छ एवं सुंदर बनायें रखे । पानी को बचाने के लिए चलाये गये जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी वर्ग तथा सामुदाय के लोगों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के सभी जल स्त्रोतों को स्वच्छ एवं साफ रखने का जो अभियान चलाया गया, वह अभूतपूर्व है। अभियान के तहत प्राचीन से प्राचीन जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन किया गया। यह कार्य लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पानी हमारे जीवन का अभिन्न अंग है इसे हमें बचाना होगा। कलेक्टर ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान को व्यापारियो, स्वयं सेवी संगठनो, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनो ने जन आंदोलन बना दिया और वे स्वयं इस पुनीत कार्य मे जुडने के लिए आगें आएं और श्रमदान करके नदियों का स्ववरूप बदल दिया। जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि नदियो के आस पास का वातावरण शुध्द रहे , नदियो का पानी अविरल बहे , नदियो में किसी भी प्रकार की गंदगी नही जाए इसका भी हम सभी को संकल्प लेना होगा ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यकक्ष रशिम सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान अभूतपूर्व रहा है । जिस प्रकार से नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों ने प्रशासन से कंधे से कंधा मिलाकर अपने जलस्त्रोतों के सफाई का जो बीड़ा उठाया, एसे उदाहरण कम देखने को मिले । भले ही यह छोटा प्रयास हो, इससे नागरिकों में अपने जल संरक्षण के प्रति जो भावना पैदा हुई है, उसके सुखद परिणाम आने वाले भविष्य में देखने को मिलेगा । नगर पालिका भी नगर के जल स्त्रोतों उमरार नदी, तालाब, कुएं के विषय में कार्य योजना बना रही है । कुओं का नवीनीकरण का कार्य हमारे द्वारा पूर्व से चालू कर दिया गया था। कई कुएं जो कचरे मिट्टी से भर दिये गए थे, उनका हमने नवीनीकरण किया है, जिससे भविष्य में कभी संकटकाल में इन कुओं का शुद्ध जल नागरिकों को पेयजल के रूप में उपलब्ध हो सके । उमरार नदी के जल स्त्रोतों का बंद होना चिंता का विषय है । पर्यावरणविद एवं इस विषय के जानकारों से राय ली जा रही है कि कैसे उमरार नदी को पुर्नजीवित किया जा सके । कई विकल्पों पर भी विचार हो रहा है । लेकिन सबसे अच्छा विकल्प तो यही है कि उमरार नदी अपने स्वयं के स्त्रोतों से जीवित रहे। हमारे द्वारा सगरा तालाब का सौदर्यीकरण कराया जा रहा है । नगर के गंदे नाला नालियों का पानी सीधे नदी में न मिले इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना अपने अंतिम सोपान में है । नगर में स्थित समस्त जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निरन्तर जारी रहेगा। कार्यक्रम को नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव ने भी संबोधित करते हुए अपने विचार व्यककित किए । कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में उज्जैन मे क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में खलेसर घाट में दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य नागरिको ने हिस्सा लिया ।




## स्टेशन में पानी को तरस रहे रेल यात्री

**कोतमा।** कोतमा रेलवे स्टेशन में 10 जून से पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद है। जिसका कारण बताया गया की प्लेटफार्म नंबर एक और प्लेटफार्म नंबर दो के साथ रेलवे कॉलोनी में पानी सप्लाई करने वाला पंप खराब हो जाने की वजह से पानी की सप्लाई बाधित है। पिछले आठ दिनों से प्लेटफार्म नंबर एक और प्लेटफार्म नंबर तीन से यात्रा करने वाले हजारों यात्री प्यासे भटकते रहते हैं। रेलवे स्टेशन कोतमा प्रबंधक के द्वारा प्लेटफार्म नंबर एक और प्लेटफार्म नंबर तीन में संवेदनशीलता दिखाते हुए पानी की अस्थाई व्यवस्था भी नहीं की गई। स्टेशन प्रबन्धक कक्ष के बाहर केवल दो मटके रखे हैं। कोतमा रेलवे स्टेशन की दुर्दशा यह है कि पानी की आस लगाना पाप हो गया है। यहां पीने को पानी उपलब्ध नहीं, शहडोल संभाग की नवनिर्वाचित सांसद हिमाद्री सिंह के द्वारा ऐसे संवेदनशील विषयों पर संज्ञान न लेना आम जनता को काफी दुखी कर रहा है। रेलवे डीआरएम बिलासपुर को ट्विटर के माध्यम से लोगों ने इस बात से अवगत कराया है, फिर भी किसी भी प्रकार से सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।

### इनका कहना है

पिछले पांच दिनों से पानी का बोर खराब होने की वजह से पानी सप्लाई बाधित है।

**एचके राय, स्टेशन प्रबन्धक**
**रेलवे स्टेशन कोतमा**

## वार्ड क्रमांक 13 में बीच सड़क में बना गड्ढा दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण

**कोतमा।** नगर पालिका क्षेत्र के लहसुई कैंप मे मस्जिद की ओर जाने वाले मुख्य सड़क में नाली क्रॉसिंग के लिए नगर पालिका या रेल कॉलोनी प्रबंधन के द्वारा नल का निर्माण करवाया गया था और उसके ऊपर डामरीकरण सड़क का निर्माण करवाया गया था। वर्तमान में नाली के ऊपर बने सड़क में बीचों-बीच गड्ढा हो गया है जिसे ना तो नगर पालिका के द्वारा मरम्मत कर कराया जा रहा है और ना ही नगर पालिका प्रशासन के द्वारा जिसके कारण बीच सड़क में बना गड्ढ़ा पैदल या दो पहिया वाहन में चलने वालों को नजर नहीं आता है जिसके कारण कभी भी कोई अपनी दुर्घटना घटित हो सकती है? नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से सड़क के बीचो-बीच हुए गड्ढे की मरम्मत कर करवाए जाने की मांग की है।



# खुलूस और मोहब्बत के साथ अदा की गई ईदुल-अज़हा की नमाज़





### मुल्क की बेहतरी,तरक्की और आपसी भाईचारे की मांगी दुवा

**उमरिया।** जिला मुख्यालय स्थित ईदगाह में सोमवार की सुबह करीब हजारों की तादात में मुस्लिम भाइयों ने ईद उल अज़हा की नमाज़ हाफिज साकिर अली की इमामत में अदा की है।इस मौके पर मुल्क की बेहतरी,तरक्की और आपसी भाईचारे की दुवाएं की गई।इस मुबारक मौके पर शहर के अलावा मुख्यालय से सटे दुब्बार, पौनिया, खुसर्वाह, बड़ेरी, करकेली समेत दर्जनों गांव के मुस्लिम भाईयों ने ईदगाह में ईदुल अज़हा की नमाज़ खुलूस और मोहब्बत के साथ अदा की है। ईदुल अज़हा की नमाज़ मुख्यालय के अलावा जिले के चंदिया, नोरोजाबाद, बिरसिंहपुर ,मानपुर, अमरपुर समेंत कई जगह अदब और एहतराम से अदा की गई है,इन सभी जगहों पर मुस्लिम भाइयों ने बड़े खुलूस और मोहब्बत के साथ नमाज़ पढ़ी और बाद में एक दूसरे के गले लगकर मुबारकबाद दी है।बलिदान के रूप में मनाया जाने वाला ईदुल अज़हा के पर्व पर बच्चों में भी खासा उत्साह दिखा,वो भी एक दूसरे के गले लगकर बधाई देते दिखे।

### मरहूमों के लिए मांगी दुआ

ईदुल अज़हा का मुबारक पर्व बलिदान दिवस के रूप में भी देखा जाता है,इस दिन मुस्लिम भाई कुर्बानी कराते है,और अपने मरहुमों के लिए फातिहा और दुवाएं करते है। धार्मिक सद्भाव के प्रतीक ईदुल अज़हा के मुबारक पर्व पर शहर में सुरक्षा के भी माकूल इंतज़ाम रहे,हर गली चौराहे पर पुलिस टीम मौजूद दिखी। मुख्यालय स्थित ईदगाह के बाहर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू,अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम, तहसीलदार सतीश सोनी,सीएमओ उमरिया किशन सिंह ठाकुर, एड एसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया,एसडीओपी नागेन्द्र सिंह,थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा,यातायात प्रभारी डीके तिवारी,चौकी प्रभारी अमर बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक दिलीप गुप्ता सहित जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे,सभी ने सद्भाव के प्रतीक ईदुल अज़हा पर्व की सभी को बधाई दी है। जिला प्रशासन एवम पुलिस प्रशासन के अलावा नपा उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव, पार्षद त्रिभुवन प्रताप सिंह,मेहंदी हसन, ओमप्रकाश सोनी, सोमचन्द वर्मा, चन्द्रप्रकाश दुबे, गोपाल तिवारी समेत कई सियासी नेता भी मौजूद रहे, जिन्होंने गले लगकर मुस्लिम भाइयों को ईदुल अज़हा पर्व की बधाई दी है।

# विषाक्त पदार्थ के सेवन से विवाहिता की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में एक नवविवाहिता ने रविवार को अपने मायके में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई महिला की जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहरीले पदार्थ का सेवन करने के दौरान महिला घर में अकेली थी। घर वाले जब वापस लौटे तो महिला घर में बेहोशी की हालत में मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि हीरापुर कौड़िया गांव निवासी अंजलि पति पप्पू पटेल 19 अपने मायके बड़वारा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में थी। रविवार को घर के सभी लोग खेत गए हुए थे।

वापस लौटने पर परिजनों को अंजलि बेहोशी की हालत में घर में मिली। जिले के आनन-फानन में परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने बताया कि अंजलि का विवाह तीन महीने पहले हीरापुर कौड़िया गांव निवासी पप्पू पटेल से किया गया था। किसी तरह के विवाद की जानकारी भी नहीं है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# उपाध्यक्ष के प्रयास से मंदिर का कार्य प्रारंभ



**जमुना/बदरा।** नगर पालिका परिषद पासान के अंतर्गत वर्षों से बहु प्रतीक्षित वार्ड क्रमांक 7 स्थित हनुमान मंदिर के मरम्मत का कार्य नगर पालिका परिषद पासान के उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव के प्रयास से प्रारंभ हो गया। 17 जून को नगर पालिका परिषद प्रसारण के अध्यक्ष राम अवध सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता ताराचंद यादव मिंटू सिंह मंडल महामंत्री ने पूजा अर्चना कर कार्य प्रारंभ करवाया। इस दौरान नगर पालिका के इंजीनियर उमेश त्रिपाठी विकास जायसवाल व अन्य पार्षद उपस्थित रहे। वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद अजय यादव ने बताया कि उक्त हनुमान मंदिर में सेड का कार्य मरम्मती करण फर्शीकरण का कार्य लाखों रुपए की लागत से किया जाएगा जिससे कि यहां दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। वार्ड वासियों ने इसके लिए पार्षद सहित नगर पालिका को धन्यवाद दिया है।

**खबर संक्षेप**

## एडीएम ना होने से विकास कार्य हो रहे प्रभावित

**ब्यौहारी** । शहडोल जिले के अंतर्गत इस समय पूर्णकालिक अपर कलेक्टर का पद पर पूर्ण कालिक अधिकारी न होने के कारण अपर कलेक्टर का प्रभार जिला पंचायत के सीईओ राजेश जैन को सौंपा हुआ है जिसके कारण से पूरे जिले में पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं कई ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिवों ने नई दुनिया से बात करते हुए कहा कि जब भी हम शहडोल काम लेकर के जाते हैं तो पता चलता है कि जिला सीईओ कलेक्टर कार्यालय में बैठे हुए और हमारा कोई काम नहीं हो पता इसलिए मुख्यमंत्री से मांग है कि शीघ्र शहडोल जिले में नए पर कलेक्टर की पदस्थापना की जाए और जिला सीओ राजेश जैन को सिर्फ जिला पंचायत की जवाबदारी दी जाए जिससे जिले भर के पंचायत के कार्य प्रभावित न हो।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



**ब्यौहारी** । नगर पालिका व्यवहारी के अंतर्गत बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोजन के संबंध में रूपरेखा क्या-क्या कार्यक्रम होंगे इसकी जामा मस्जिद के सदर रमजान कादरी,मदीना मस्जिद के सदर अशफाक कादरी से ली कार्यक्रम मैं नए नगर निरीक्षक अरुण पांडे का सभी से परिचय हुआ कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तहसीलदार , अरुण कुमार श्रीवास्तव मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मोहन पड़वार , रमजान कादरी अशफाक खान अफसर खान रोशन नागपाल हरिशंकर कोरी, मोहम्मद फाखिर चांद पत्रकार सहित कई लोग शामिल हुए।

## शानदार तरीके से मनाया गया ईद उल अजहा का त्यौहार



**ब्यौहारी**। नगर पालिका क्षेत्र ब्यौहारी- के अंतर्गत ईद उल अजहा का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर मुस्लिम बंधुओं द्वारा अपने सबसे प्रिय चीज की कुर्बानी अल्लाह की राह में दी गई सुबह दोनों मस्जिदों में ईमाम वसीम रजा द्वारा नमाज अता कराई गई उसके बाद कब्रिस्तान में जाकर मुस्लिम भाइयों ने फतिया पढ़ा वहां से लौटकर अल्लाह की राह में कुर्बानी दी गई मुस्लिम भाइयों ने बकरीद के त्यौहार को शानदार तरीके से मनाया।

## टूटा तार बना हादसे का कारण, 14 वर्षीय बच्ची की करंट से मौत

**रीवा**। शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत निराला नगर बस्ती में सोमवार को हुई बारिश के दौरान एक 14 वर्षीय मासूम करंट की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौत हो गई घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची है और मर्ग कम कर आगे की जांच कर रही है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शीला बंसल पिता बबलू बंसल उम्र 14 वर्ष दोपहर हुई बारिश के दौरान घर से नहाने के लिए निकली और जैसे ही सड़क पार की तभी बिजली के खंबे के पास पहुंचते ही उसे करंट ने अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते मासूम की जान चली गई, स्थानी लोगों ने बताया कि बिजली के खंबे में करंट उतरा था जिसकी चपेट में मासूम शीला गई, परिजनों द्वारा उसे तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया है बताया गया है कि खंभे का तार कटा हुआ था जिसके चलते खंबे में करंट उतर आया था।

## सोहागपुर एरिया बंगवार माइंस में स्वच्छता शपथ के साथ

# स्वच्छता पखवाड़ा 2024 मनाया गया

एसईसीएल सोहागपुर एरिया क्षेत्र अंतर्गत बंगवार भूमिगत मांइस प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। एसईसीएल द्वार 16 से 30 जून 2024 तक मनाया जा रहा है ।





धनपुरी।

इस कार्यक्रम के तहत सोहागपुर एरिया के अमलाई बंगवार दामिनी उपक्षेत्र के सबएरिया मैंनेजर v श्रीनिवास, बंगवार खान प्रबंधक डी आर कुर्रे के नेतृत्व में कोयला खदान के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता के प्रति शपथ ग्रहण किया गया एवं बंगवार कॉलोनी में स्वच्छ भारत मिशन को पूरा करने के उद्देश्य सेजागरूकता का संदेशखान प्रबंधक आर के कुर्रे ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने कॉलोनी को स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करने हेतु शपथ दिलाई गई स्वच्छता के प्रति जागरूक होवे और अपने आस पास स्वच्छ साफ सफाई रखने और लोगों को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया।स्वच्छ भारत मिशनअमलाई बंगवार दामिनी के उपक्षेत्रीय प्रबंधक v श्रीनिवास ने कहा कि स्वच्छ भारत के मिशन को पूरा करने के लिए हमें अपने घर से नगर व शहर को सफाई के लिए सभी का पूर्ण सहयोग होगा तभी अपना देश स्वच्छ हो पाएगा स्वच्छ वातावरण की प्रक्रिया के तहत पर्यावरण की रक्षा हेतु प्रदूषण को दूर करने के लिए कई पौधों का रोपण किया गयाउनकी रही उपस्थितकार्यक्रम में सक्रियता से रावेद्र शुक्ला, राजेश चन्द्र शर्मा सच्चिदानंद यादव मुकेश राय युगल किशोर विनोद त्रिपाठी दीपक कुमार जेएमएम अधिकारी पत्रकार राजू अग्रवाल एवं अन्य कामगार उपस्थित रहे1



## जल संरक्षण संवर्धन अभियान में प्राचीन जल स्त्रोतों को मिला नया जीवन : सांसद जनार्दन मिश्र

### जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम लोही में आयोजित किया गया

रीवा।

प्रदेश में 5 जून से संचालित किये जा रहे जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अभिनव अभियान जल गंगा संवर्धन का गत दिवस गंगा दशहरा के अवसर पर समापन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत लोही के खेमसागर मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया। इस दौरान सांसद जनार्दन मिश्र सहित जनप्रतिनिधियों एवं प्रभारी कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने जल पूजा कर आरती की।कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान से प्राचीन जल स्त्रोतों को नया जीवन मिला है। इनकी साफ-सफाई हो जाने से वर्षाकाल में अधिक से अधिक जल का संग्रहण हो सकेगा। इसके साथ ही नवीन जल संरचनाओं के निर्माण से वर्षा का पानी संग्रहित होगा और आगामी वर्ष में भूमिगत जल का स्तर भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत नालों, नदियों व तालाबों की साफ-सफाई के साथ ही वृक्षारोपण की भी तैयारी की गयी है। उन्होंने आमजनों से अपेक्षा की कि पौधारोपण कर उसकी सुरक्षा एवं देखभाल की भी जिम्मेदारी निभाऐ। सांसद मिश्र ने कहा कि इस अभियान में शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जन अभियान परिषद ने हिस्सा लिया। जिससे शासन द्वारा संचालित यह अभियान सफलता को प्राप्त कर सका। जनार्दन मिश्र ने कहा कि यह अभियान जल की हर बूद को संरक्षित करने का अभियान है जिसमें आमजनता ने भी पानी बचाने का संकल्प लिया है। कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार के कार्य कराये गये। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा एवं अन्य मदों तथा जन सहयोग से जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य हुये आमजनता की भी इसमें भागीदारी रही। अभियान से पुरानी जल संरचनाओं को जीवन मिला, तालाबों की साफ-सफाई और गहरीकरण के कार्य हुये तथा वृक्षारोपण की सभी तैयारियां इस दौरान पूरी की गयी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीयजन तथा अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कैंटीन में न तो गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री न ही सफाई और सुविधाएं






धनपुरी।

एसईसीएल सोहागपुर एरिया के अंतर्गत अमलाई ओसीएम में बनी एसी कैंटीन हाथी का दांत बनकर रह गई है, जिसे देखकर कैंटीन के होने का सुखद एहसास तो किया जा सकता है लेकिन उसकी सुविधाओं का लाभ उठा पाना नामुमकिन। यहां पर खदानों के श्रमिकों को किसी प्रकार का फायदा नहीं मिल पा रहा है। कैंटीन प्राइवेट व्यक्ति के द्वारा संचालित किया जा रहा है, कंपनी द्वारा सब्सिडी के नाम पर भवन उपलब्ध करा दिया गया है और शेष व्यवस्था संचालक को ही करनी है किंतु संचालक अपने फायदे के लिए सैकड़ों श्रमवीरों के हितों के साथ खिलवाड़ करने पर आमादा है। यह कैंटीन बंगवार,खैरहा, दामिनी, राजेंद्रा, श्रमवीरों को नहीं मिलती सुविधा।एसईसीएल और एरिया प्रबंधन श्रमिकों की सुविधाओं के नाम पर बड़े बड़े वादे करती हैं लेकिन उन वादों में सच्चाई कितनी होती है यह तो यहां पर मौजूद कंटीन को देखकर ही पता चलता है। लाखों रुपए खर्च करके कैंटीन तो बना दिए जाते हैं लेकिन श्रमिकों सुविधाओं के नाम पर आज गंदगी बदबू सीलन और अव्यवस्था ही देखने को मिलती है।बंद पड़े हैं एसीएरिया प्रबंधन द्वारा अधिकारी कर्मचारियों एवं श्रम वीरों की सुख सुविधाओं का ध्यान रखते हुए ऐसी कैंटीन बनाया गया है जहां चार चार एसी लगे हैं लेकिन वह वर्षों से बंद पड़े हैं कोई सुधारने वाला नहीं है। इस भीषण गर्मी में कार्यरत कर्मचारी खून पसीना बहाकर कोयला उत्पादन कर कंपनी को मिनी रत्न बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं और उन्हीं कर्मचारियों को काम के उपरांत लंच समय में भीषण गर्मी में दो पल की शकुन से आराम नहीं मिल पाता जबकि ठेकेदार और कालरी के अधिकारी- कर्मचारी प्रबंधन ऐसो आराम की जिंदगी जी रहे है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सीएमडी श्री सिन्हा ने जब सोहागपुर एरिया का दौरा किया था तो सबसे अधिक महत्व श्रमिकों के जल पान के लिए एसी कैंटीन व श्रमिक रहवासी कॉलोनी को दिया था। एरिया कैंटीन सहित विभिन्न खदानों में श्रमिकों के लिए कैंटीन की अच्छी सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन अब ऐसा देखने को नहीं मिल रहा है। स्वच्छता कोसों दूरतत्समय स्थापित एसी कैंटीन में वर्षों से साफ सफाई नहीं की गई है चारों ओर गंदगी ही गंदगी देखी जा रही है। कैंटीन में स्वच्छता अभियान कहीं देखने को नहीं मिल रहा है स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन साफ-सफाई कोसों दूर है। इसी गंदगी के बीच श्रमिक चाय नाश्ता करने के लिए विवश है साफ-सफाई को लेकर प्रबंधन किसी तरह का ध्यान नहीं देता कई श्रमिक कैंटीन मे गंदगी होने के चलते कैंटीन में नाश्ता ना कर बाहर नाश्ता करने के लिए विवश देकर जाते हैं ।गंदगी और बदबूश्रमिकों ने बताया कि लेट्रिन बाथरूम कई माह से साफ-सफाई का अभाव बना हुआ है। लैट्रिंग का गंदा पानी बाहर बहता है वहीं पर कैंटीन में सामन बैठने की व्यवस्था की गई है दुर्गंध से लोग बैठ भी नहीं पाते जगह-जगह कचरे के ढेर कैंटीन में लगे हुए हैं सफाई का अभाव बना है सफाई के नाम पर औपचारिकता की जाती है।नहीं हो रहा सुधारबताया जाता है कि कैंटीन की समस्याओं को लेकर कई बार श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों के द्वारा प्रबंधन से बातचीत की गई लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। बाथरूम में साफ-सफाई का अभाव, पानी की समस्या बाथरूम में दरवाजे टूटे हुऐ हैं, कही नही लगाए गए। प्रबंधन इन गंभीर समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है फिर भी श्रमिक संगठन अपने साथियों की समस्या हल करने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

## सभी स्कूलों में आज से तीन दिन तक मनाया जाएगा प्रवेशोत्सव

**रीवा**। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्कूल चलें हम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के सभी स्कूलों में 18 से 20 जून तक तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। इस संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आज 18 जून को प्रवेशोत्सव के प्रथम दिन स्कूल आने वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों का स्वागत किया जाएगा। साथ ही शाला त्यागी बच्चों की पहचान कर उनका प्रवेश सुनिश्चित किया जाएगा। सांसदगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी भी किसी एक शाला में प्रवेशोत्सव में शामिल होंगे। सभी प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा। प्रवेशोत्सव के दूसरे दिन 19 जून को स्कूल में शिक्षकों द्वारा अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थी के अभिभावकों से सुझाव लेकर कक्षावार तथा विषयवार शैक्षणिक कैलेण्डर तैयार किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा अभिभावकों को संबोधित पत्र का वितरण किया जाएगा। इसी दिन शाला में प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण कराया जाएगा। प्रवेशोत्सव के अंतिम दिन 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिले के जनप्रतिनिधि विभिन्न क्षेत्रों के अग्रणी व्यक्ति, अधिकारी, समाजसेवी, खिलाड़ी, पत्रकार तथा गणमान्य नागरिक स्वयं द्वारा चुनी गई शाला में जाकर विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देंगे। इन्हें शाला चयन के लिए ऑनलाइन लिंक की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शाला में आमंत्रित व्यक्ति विद्यार्थियों को पठन-पाठन से संबंधित उपयोगी सामग्री भेंट भी कर सकते हैं। जिले के प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की किसी एक शाला में ड्यूटी लगाई गई है जिसमें उन्हें विद्यार्थियों को पढ़ाना होगा। तीन दिवसीय प्रवेशोत्सव का मुख्य उद्देश्य शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करना है।

## टेलीग्राम से 5.99 लाख की धोखाधड़ी करने वाले ठग को महाराष्ट्र से किया गिरफ्तार

रीवा।




जिले के समान थाना पुलिस ने काम के नाम पर रुपए की धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता रचना दुबे पति त्रिवेंद्र कुमार दुबे ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी, की वह 15 फरवरी को अपने पति त्रिवेंद्र कुमार दुबे का मोबाइल चला थी उसी समय मोबाइल के वाट्सऐप नंबर पर मेसेज आया उक्त मेसेज के माध्यम से टेलीग्राम से लिंक को सबस्क्राइब कर मोबाइल नंबर व अपने पति का स्टेट बैंक खाता की जानकारी भेज दी। जिस पर 150 रुपए आ गए। जिसके बाद लगातार ऑनलाइन काम करने के एवज में टेलीग्राम में दिए जाने लगे जिनको पूरा करने पर खाते में पैसे आ रहे थे, वह टास्क पूरा करते जा रही थी टास्क के दौरान उससे टास्क पूरा करने का स्क्रीन शॉट भी भेजने को कहा गया जो उसके द्वारा भेजा जाता था। काम पूरा करने के लिए उसने अपने पति के यूनियन बैंक के खाता से पैसे भेज दिया इसके बाद उसे टेलीग्राम में बोला गया की और पैसे जमा करे तब ही पैसे वापस मिलेंगे। महिला ने पैसों वापस मिलने की आशा में ओर पैसे भेज दिए। जब पैसा वापस नहीं आया तो उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ और उसने मामले की शिकायत समान पुलिस से की। मामले में पुलिस ने धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी अनूप प्रजापति पिता राजू प्रजापति उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम कैलाशबाग रामबाबू दयाराम नगर थाना देबियापुर जिला औरैया उत्तर प्रदेश को पूर्व में गिरफ्तार किया था। जिसने पुलिस को इस गिरोह से जुड़े आरोपियों के संबंध में अहम जानकारी दी थी जिसके बाद पुलिस के हाथ अन्य फरार आरोपी लगे है। पुलिस ने टेंलीग्राम से धोखा धडी करने के मामले में फरार आरोपियों को महाराष्ट्र के औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों को रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने संदेही सागर सोलट पिता परशुराम सोलट 31 वर्ष निवासी ग्राम जातेगांव थाना वीरगांव जिला संभाजी औरंगाबाद, विजय गायकवाड़ पिता विठ्ठल गायकवाड़ 26 वर्ष निवासी ग्राम जातेगांव थाना वीरगांव जिला संभाजी नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी एक ही गांव के है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी गांव पिंपलगांव के रहने वाले गणेश जानराव एवं भरत गभाने ने उसे दूसरें व्यक्तियों के बैंक अकाउन्ट दिलवाने का प्रलोभन दिया था जिसके बदले में प्रत्येक बैंक एकाउन्ट दिलवाने का कमीशन तीस हजार रुपये मिलता था। ईसके अलावा उसमें जो भी पैसा आता था उसका 1.5 प्रशित कमीशन भी मिलता था। बदमाश खाते का पूरा एक्सेस जैसे चेक बुक, एटीएम, पासबुक, नेट बैंकिंग का आईडी पासवर्ड एवं खाते से लिंक मोबाईल की सिम उपलब्ध कराते थे। आरोपियों ने बताया कि अब तक गणेश जानराव एवं भरत गभाने को 20 से 25 बैंक अकाउन्ट दिलवाये हैं। जिसमें उन्हें करीबन 05 से 06 लाख रुपये कमीशन के रूप में मिले हैं। मामले में पकड़े गए दोनो आरोपी सागर सोलट तथा विजय गायकवाड़ से बारीकी से पूछताछ जारी है। बैंक अकाउन्ट एवं धोखाधड़ी के संबंध में अन्य जानकारी एकत्र की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों से प्रकरण के संबंध में अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए न्यायालय से दो दिन की पुलिस रिमान्ड में लिया है।

### इनका कहना है

फोन में ही लाभ हानि का सौदा कर फरियादि ठगी का शिकार हुए हैं जिनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है अभी आरोपी के निशानदेही पर एक टीम तैयार कर जो अन्य आरोपी इस वारदात में शामिल थे उनके ठिकानों पर दाविस दी जा रही है। ऐसा कोई भी फोन में लाभ हानि का सौदा करने वाले व्यक्ति पर भरोसा ना करें यदि ऐसा कोई व्यक्ति आपके संपर्क में बार-बार आ रहा है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे।

**हिंतेंद्र नाथ शर्मा**
**सामान थाना प्रभारी रीवा।**

## जिले में अचानक बारिश से मौसम ने ली करवट, उमस भरी गर्मी ने बढ़ाई मुश्किलें

रीवा।

जिले मे 42 डिग्री तापमान और तेज गर्मी के बीच मौसम ने सोमवार दोपहर को करीब 2 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज बारिश का दौर शुरू हो गया। हालांकि, इस बारिश ने लोगों को कुछ समय के लिए राहत दी, लेकिन यह राहत बहुत जल्द ही परेशानी में बदल गई।अचानक बारिश का सिलसिलालगातार कई दिनों से रीवा में गर्मी का प्रकोप था और तापमान चरम पर था। दिन के साथ-साथ रात में भी लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा था। आसमान में कभी-कभी बादल छा जाते थे, लेकिन बारिश नहीं हो रही थी। सोमवार दोपहर 2 बजे के बाद अचानक मौसम बदल गया। काले बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। यह बारिश लगभग 15 मिनट तक जारी रही, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट आई। लोगों को थोड़ी राहत महसूस हुई और ऐसा लगा कि गर्मी से निजात मिल गई है हालांकि, यह राहत ज्यादा समय तक नहीं टिक सकी। बारिश बंद होते ही उमस भरी गर्मी ने लोगों को फिर से परेशान करना शुरू कर दिया। हवा में नमी की मात्रा बढ़ गई और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। बारिश के दौरान और बाद में तापमान में गिरावट तो दर्ज की गई, लेकिन नमी की वजह से लोगों को असहजता महसूस होने लगी। गर्मी और उमस ने मिलकर ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। मौसम के इस बदलते मिजाज को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई है।



## खबर संक्षेप

### रामसागर सरोवर को बनाया गया जनाकर्षक




**अनूपपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओ को सहेजने के लिए राज्य शासन द्वारा चलाए गए अभियान के दिशा निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन में नगर पालिका अनूपपुर द्वारा वार्ड नंबर 15 पुरानी बस्ती स्थित रामसागर सरोवर की साफ सफाई के साथ ही सरोवर के परिसर को सौंदर्य पूर्ण बनाया गया है। नगर पालिका अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 15 पुरानी स्थित रामसागर सरोवर के घाट एवं सीढियो का रंग रोगन कर जन आकर्षक बनाया गया है। इसी तरह नगर पालिका अनूपपुर द्वारा शिव मारुति मंदिर सामतपुर तालाब को आकर्षक बनाने जिला प्रशासन की पहल पर आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं सामतपुर सरोवर में फाउंटेन की स्थापना सौंदर्यीकरण का हिस्सा है।

### बेलगांव के धनमत को मिली कपिलधारा कूप की सौगात

**अनूपपुर।** जिले के जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत बेलगांव के ग्राम कनई टोला निवासी धनमत सिंह पति कोमल सिंह को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम(मनरेगा) के तहत कपिलधारा कूप निर्माण का कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पूर्ण होने पर हितग्राही धनमत सिंह ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत कपिलधारा कूप निर्माण से जहां एक और उनके निस्तार की पूर्ति होगी वहीं दूसरी और वह अपने उद्यानिकी गतिविधि कर स्वरोजगार में वृद्धि कर सकेंगे उन्होंने कपिलधारा कूप निर्माण पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए राज्य सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति हृदय से कृतज्ञता जाहिर की है।

### तालाब व सरोवर से निकली गाद से बड़ी संख्या में लाभान्वित हुए कृषक



**अनूपपुर।** जिले में जल संरचना के संरक्षण और संवर्धन के लिए वर्षा ऋतु के पूर्व जीर्णोद्धार, मरम्मत तथा रंग रोगन व गाद निकासी आदि कार्य राज्य शासन के निदेर्शानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए हैं। जिले में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के दिशा निदेर्शानुसार जल स्त्रोतों से निकाली गई शील्ड (गाद) निकासी से कृषक बड़ी संख्या में लाभान्वित हुए कृषकों ने तालाब तथा सरोवरों से निकले गाद को अपने ट्रैक्टर के माध्यम से जल स्त्रोत से अपने खेतों में डलवाया जो खेत की उर्वरता बढ़ाने का कार्य करेगा। जल संरचना से गाद के रूप में निकली गई मिट्टी जो कृषि कार्य में उर्वरता का कार्य करती है कृषकों को निःशुल्क ग्रामीण एवं नगरीय निकायों द्वारा प्रदान किया गया।

## उमस भरी गर्मी के बीच पढ़ी गई ईद की नमाज



# जिले भर में शांति व सद्भाव के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का पर्व

## मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को दी मुबारकबाद



### मांगी अमन शांति एवं खुशहाली की दुआ

**अनूपपुर।** ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व सोमवार को उमस भरी गर्मी के बीच पूरे जिलेभर में परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद के नमाज पढ़कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। अनूपपुर सहित जैतहरी, भालूमाड़ा, राजनगर, कोतमा, बिजुरी, रामनगर, चचाई, वैंकटनगर सहित अन्य स्थानों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों में नमाज अदा कर विभिन्न धर्मों के बीच शांति एवं भाईचारे बने रहने की कामना की। जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित वार्ड क्रमांक 2 स्थित चंदास नदी के पास बने ईदगाह पर बकरीद की नमाज अनूपपुर मुख्यालय में हाफिज मोहम्मद सलमान रजा मदीना जामा मस्जिद अनूपपुर के द्वारा अदा कराई गई। नमाज में हजारो की तादाद में मुस्लिम समुदाय के नमाजियों ने ईदगाह पर शामिल होते हुए अल्लाताला के सजदे में सिर नवाए। प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विशेष अवसर हमारे समाज में सद्भाव और एकजुटता के बंधन को और मजबूत करे। सभी लोग खुश और स्वस्थ रहें।

### एकता का संदेश देता है ईद उल अजहा

अनूपपुर ईदगाह में नमाज के बाद संबोधित करते हुए इमाम हाफिज मोहम्मद सलमान रजा ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। कुबार्नी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। उन्होंने कहा कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलेही सलाम को कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे। अल्लाह को यह अदा काफी पसंद आई। इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुर्बानी दी गई। उसके बाद देर शाम तक कुर्बानियों का सिलसिला चलता रहा। सभी धर्मों के लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई दी। घर-घर पकवान बने। एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने पकवान भी बांटे। मौके पर लोगों ने कहा कि ईद उल अजहा एकता का संदेश देता है एकता से बड़ी कोई दौलत नहीं है।

### गले मिलकर एक दूसरे को दी ईद-उल-जुहा की बधाई

अनूपपुर मुख्यालय के ईदगाह पर सुबह 7.15 बजे आयोजित ईद उल जुहा की नमाज हाफिज मोहम्मद सलमान रजा मदीना जामा मस्जिद अनूपपुर के द्वारा अदा कराई गई। नमाज अदाएगी के बाद नमाजियों ने ईदगाह के बाहर अतिथियों से गले मिलकर एक दूसरे को ईद-उल-जुहा की बधाई दी। इस मौके कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेंन्द्र पवॉर जिले के कई ईदगाह में पहुंच कर बधाई दी। जिला मुख्यालय में अपर अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, एसडीएम दीपशिखा भगत, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, नायब तहसीलदार अनूपपुर, थाना अनूपपुर प्रभारी संजय खलको सहित जिले के समस्तभ थाना प्रभारी व नपा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पार्षद सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जगह-जगह पर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वाहनों के आवागमन को देखते हुए शहर के मुख्य मार्गो पर यातायात व्यवस्था को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस तैनात की गई थी। नगरवासियों के अनुसार ईद उल जुहा की तैयारियों में पूर्व से ही जुटे मुस्लिम समुदायों के लोगों ने कुर्बानी के लिए बढ़-चढ़ कर बकरों की खरीदारी की।

### भालूमाड़ा मे शांति व सद्भाव से मनाया पर्व

भालूमाड़ा नगर में मुस्लिम पर्व ईद उल जुहा (बकरीद) का पर्व शांति सद्भाव से मनाया गया। नगर के लोगों ने ईदगाह में ईद उल जुहा की नमाज अदा की। दफाई नंबर 3 के छोटी मस्जिद व जमुना कॉलरी में भी वार्ड क्रमांक 2 में नमाज अदा की गई। ईदगाह में नमाज सुबह अदा की गई। इस दौरान थोड़ी-थोड़ी बारिश भी होती रही, लेकिन लोगों ने बारिश की परवाह किए बगैर नमाज पढ़े। ईदगाह में हमेशा की तरह छोटे-छोटे बच्चे सज धज कर आए थे। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाईयां दी।

### कोतमा में नमाज अता कर मांगी अमन-चैन की दुआ

कोतमा नगर में ईद उल अजहा (बकरीद) का त्यौहार शांति एंव भाईचारे के साथ मनाया गया। यह त्यौहार कुबार्नी के रुप में जाना जाता है। मुस्लिम धमार्लंबियो द्वारा पर्व की तैयारी जोर शोर से की गई थी। सुबह सैकडो की संख्या में नमाज पढने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह एंव मस्जिद पहुंचे, जहां नमाज अताकर क्षेत्र में अमन-चैन की दुआ मांगी। वार्ड 9 के विकास नगर स्थित मस्जिद में सुबह ईद की नमाज अदा करवाई गई। वहीं लहसुई गांव स्थित ईदगाह में भारी संख्या में मुस्लिम धमार्लंबियो द्वारा ईद उल अजहा की नमाज पढी गई। ईदगाह स्थल पर नगर पालिका द्वारा सफाई, जल एंव अन्य व्यवस्थाए बनाई गई थी। ईद के मौके पर थाना प्रभारी, अन्य प्रशासनिक अमला सहित गणमान्य नागरिको ने नमाजियों को शुभकामनाएं दी। कोतमा के अलावा निगवानी, पैरीचुआ, सारंगगढ़ मे भी शांति के साथ नमाज पढी गई।

## विद्युत चोरी के प्रकरणों मे दो आरोपियों को हुई जेल

**अनूपपुर।** विद्युत विभाग अनूपपुर के द्वारा विद्युत चोरी रोकने की गई चेकिंग मे पंचनामा कार्यवाही करते हुये पंचनामा की बिलिंग राशि जमा करने हेतु कई बार उपभोक्ताओं को नोटिस दिया जाता है, परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा इस पर ध्यान न देते हुये राशि जमा नही की जाती। यहां तक कि प्रीलिटिगेशन का नोटिस भी उपभोक्ताओं को दिया जाता है जिस पर भी उपभोक्ता ध्यान नही देते तो विद्युत विभाग द्वारा जिला न्यायालय मे बकायादार विद्युत चोरी के उपभोक्ताओं के विरूद्ध विशेष न्यायालय (विद्युत अधिनियम अनूपपुर) मे परिवाद पेश किया जाता है। परिवाद पेश होने के पश्चात भी अभियुक्त की उपस्थिति हेतु सम्मन/ जमानती वारंट जारी होता है जिसके तामील उपरांत अभियुक्त को न्यायालय मे उपस्थित होकर विद्युत चोरी की परिवादित राशि जमा करनी होती है। कुछ ऐसे अभियुक्त होते हैं




जो इस पर भी ध्यान नही देते, उनका विशेष न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट काटा जाता है। इसी तारतम्य मे न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के पालन मे थाना चचाई द्वारा ग्राम मानपुर के अभियुक्त रामलाल चौधरी विशेष प्रकरण क्रमांक 251/2022 विद्युत चोरी की बकाया राशि 3754 रुपए जमा न होने के कारण तथा दूसरे प्रकरण मे थाना अनूपपुर द्वारा ग्राम पिपरिया के श्यामदीन पटेल विशेष प्रकरण क्रमांक 311/2021 विद्युत चोरी की बकाया राशि 14270 रुपए थी जिसमे दोनों आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया गया। 16 जून रविवार को रिमांड ड्यूटी पर न्यायालय मे माननीय अंजली शाह न्यायाधीश द्वारा उक्त दोनों आरोपियों को जेल वारंट बनाकर जेल भेज दिया गया है। उक्त दोनों आरोपियों के जेल जाने से बिजली चोरों मे दहशत व्याप्त है।

## सूवेनियर डिजाइन वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और जिला प्रशासन अनूपपुर के सामूहिक प्रयास अब रंग ला रहे हैं। जिले के हस्तशिल्पियों द्वारा बनाए जाने वाले सूवेनियर उत्पादों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए छोटे और आकर्षक उत्पाद बनाने पर्यटन ग्राम बीजापुरी नंबर 01 में आवासीय सूवेनियर डिजाइन वर्कशॉप का शुभारंभ ग्राम की सरपंच श्रीमति सुभद्रा मरावी के द्वारा सभी ग्रामवासियों, कलाकारों एवं जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अनूपपुर से पर्यटन प्रबंधक अजय अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। कार्यशाला में डिंडोरी जिले के आर्ट विलेज पाटनगढ़ के



आर्टिस्ट, समनापुर के लौह शिल्पी, और मंडला जिले के ग्राम पिंडरई से खजूर की पत्तियों से कलाकृतियां बनाने वाले आर्टिस्ट भी शामिल हुए हैं। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा एनडीबीआई एनआईडी अहमदाबाद के प्रोफेशनल डिजाइनर्स की टीम को प्रशिक्षण का जिम्मा सौंपा गया है जिसका उद्देश्य इस तरह के छोटे और हल्के सोवेनियर्स तैयार करना है जो आसानी से पर्यटकों के छोटे बैग में रखे जा सकें।

### अनूपपुर में ट्रेन के इंजन बदलने में लगते हैं घंटे भर का समय

**अनूपपुर।** रेलवे स्टेशन में बिलासपुर से चलकर चिरमिरी जाने वाली 18257 ट्रेन अनूपपुर पहुंचने के बाद इंजन बदलने में रेलवे विभाग को घंटे भर लग जाते हैं। उसी तरह दुर्ग से चलकर अंबिकापुर जाने वाली अभी ट्रेन 18241 का अनूपपुर में इंजन बदलने में रेलवे विभाग को 1 घंटे का समय लग जाता है। ट्रेन रवाना होते-होते सवा घंटे विलंब से यह ट्रेने अनूपपुर से चलती है। जिससे सुबह गंतव्य में पहुंचने पर आगे की यात्रा करने से लिए साधन नहीं मिल पाता है। जिससे कई घंटे यात्रियों को बिजुरी, मनेद्रगढ़, चिरमिरी, बैकुंठपुर रोड, सूरजपुर, अंबिकापुर में परेशान होना पड़ता है। महीने भर से इन दोनों ट्रेनों का अनूपपुर जंक्शन से यही हाल है। कभी कभार टाइम से अनूपपुर से गाड़ी छूट जाती है, अन्यथा एक सवा घंटा, डेढ़ घंटे तक का अनूपपुर रेलवे स्टेशन में इंजन बदलने में समय लग जाता है। ट्रेन के लेट लतीफी के चक्कर में सुबह शिफ्ट में ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारी की अब्सेंटी भी हो जाती है। जिससे लोगों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। यात्रियो ने बताया कि अनूपपुर रेलवे स्टेशन में यदि कभी ट्रेन सही समय पर आ भी जाती है तो इंजन बदलने और छोड़ने में यहां काफी विलंब होता है। जिससे हम लोगों को काफी परेशानी होती है। रेलवे विभाग की कर्मचारी को समय से ट्रेन का इंजन बदलवाकर ट्रेन को संचालित करना चाहिए, नहीं तो बिलासपुर से और दुर्ग से इन ट्रेनों को एक-एक घंटा फास्ट कर दिया जाए जिससे मनेद्रगढ़ और अंबिकापुर ट्रेन समय पर पहुंच सके।



## गंगा दशहरा पर्व पर जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन

**राजनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस से प्रारंभ ₹जल संवर्धन गंगा अभियान₹ का समापन 16 जून को हुआ। इस अवसर पर कार्यालय प्रांगण नगर परिषद डूमरकछार मे समापन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा भारत माता के छायाचित्र मे पुष्प, सुमन अर्पित, दीप प्रज्ज्वलन कर राष्ट्रगान के उपरांत की गयी। कार्यक्रम मे निकाय अध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार चौरसिया मुख्य अतिथि एवं सभापति रवि सिंह, जीतेन्द्र चौहान पार्षदगण चंदा देवी महरा, सरिता यादव, पार्वती सिंह गोंड, राकेश दीवान,सांसद प्रतिनिधि केएन शर्मा अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस को हुआ था और समापन गंगा दशहरे के पावन पर्व पर हुआ है। इस अभियान के तहत नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्रों मे स्थित जलस्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन हेतू अभियान चलाया जा रहा था। जिसमे नदी, तालाब, कुंए, स्टाप डैम, तथा अन्य जल धाराओं को स्वच्छ रखने और आवश्यकता अनुसार गहरीकरण की गतिविधियां संचालित की गई थी। कार्यक्रम के उद्बोधन मे उपयंत्री शिवराम इडपाचे ने ₹जल गंगा संवर्धन अभियान₹ के तहत जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतू निकाय अंतर्गत जल धाराओं से कूडे-कचरे,मलवा,गाद इत्यादि हटाए जाने मे जिनकी-जिनकी सहभागिता रही उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उन्होने कहा कि इस अभियान को यही नही रूकने देना है प्रतिदिन अपने दिनचर्या मे



अपनाना जरूरी है वही सांसद प्रतिनिधि के.एन शर्मा ने अपने उद्बोधन मे अध्यक्ष श्री चौरसिया की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी मे निकाय क्षेत्रांतर्गत पानी कि समस्या से निजात दिलाने के लिए इनके द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से सार्थक चर्चा करने के उपरांत ही झिरिया भूमिगत खदान मे अधिक क्षमता की एचपी का मोटर लग पाया है, जिससे कुछ हद तक पानी की समस्या दूर हो गई है। इनके कुशल मार्गदर्शन से जिन वार्डो मे एसईसीएल की पाइप लाइन की सप्लाई नही है, उन वार्डो मे घर-घर पानी टेंकर के माध्यम से भेजे जा रहे है जो कि सराहनीय है, उन्होंने आगे कहा कि गंगा दशहरा के इस पावन पर्व पर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रति नागरिक दो-दो पौधे अवश्य लगाये। जिसके उपरांत निकाय अध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार चौरसिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की समृद्धि खुशहाली ही मेरी पहली प्राथमिकता है।

### सहभागिता करने वालो को किया गया सम्मानित

समापन कार्यक्रम मे 12 दिनो से लगातार निकाय अंतर्गत विभिन्न वार्डो के जल धाराओ को स्वच्छ रखने के लिए स्वप्रेरित होकर श्रमदान करने वाले, सहभागिता करने वाले लोगो को प्रशस्तिपत्र व जल रखाव संबंधित गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे नन्हे-मुन्हे बच्चो ने जल संरक्षण संबंधित नृत्य एवं गायन कर मनमोहक प्रस्तुति दी,बच्चो ने प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए जल है तो कल है पानी को व्यर्थ ना बहाए का गायन पेश किया। उक्त अवसर पर पार्षद पति योगेश पालीवाल, राजेंद्र महरा, रमेश यादव, विजय सिंह तथा अशोक वर्मा, सुजीत पाण्डे, संजीत दुबे भाजयुमो के ओमप्रकाश रवि, अरूण चौहान, बीरेंद्र उरांव, परिषद के कर्मचारी धीरेंद्र सिंह, अजय राम, हरिश सिंह, तीरथ पनिका, गौरव महाता, मुन्नापाल, विशाल महतो, दीपक साह, प्रवीण शर्मा, पंकज चतुर्वेदी, चन्द्रशेखर जायसवाल, अजीत शुक्ला, गणेश यादव, महेश यादव, त्रिलोकीनाथ राय, रामप्रसाद जायसवाल, विपिन दुबे, प्रशांत केशरवानी, सत्येंद्र चौहान, रितेश, अनुरूद्ध दाहिया, उत्तम कोल, राजू यादव, संधान ट्रस्ट के जयप्रकाश रवि,सुरेश यादव, नगर के गणमान्य नागरिक, महिलाएं बेटी बडी संख्या मे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अखिलेश सिंह परिहार ने किया।

# केकरपानी पहुंचे दो दन्तैल हाथी, ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह

## निगरानी मे वन विभाग सक्रिय, जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर

**अनूपपुर।** विगत दो दिनों पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट से दो दन्तैल हाथी एक बार फिर से छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा पार कर मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र के बीट तथा राजस्व ग्राम चोलना में प्रवेश कर रात भर विचरण करते हुए रविवार के दिन धनगवां के जंगल में पूरे दिन विश्राम करने बाद देर शाम को जंगल से निकलकर पटौरा एवं क्योटार के पटपरिया नाला से कुसुमहाई, टकहुली के गर्जनटोला से होते हुए रात 9:30 बजे जैतहरी से गुवारी मुख्य मार्ग को पार कर मोजर बेयर के गेट नंबर 5 के पास से गुजरते हुए गोबरी के तिपान नदी के समीप रहने वाले मुकेश राठौर, पूरन सिंह के बाड़ी एवं खलिहान में अनाज, सब्जी खाते हुए बडवार नाला पार कर पंगना गांव के जल्दा बांध के पास मंगल पिता जीवन सिंह, पप्पू पिता सुरेश सिंह, बबलू पिता सुरेश सिंह के घरों एवं झोपड़ियों को तोड़कर अंदर रखे धान एवं अन्य अनाजों को अपना आहार बनाते हुए वन परिक्षेत्र जैतहरी के गोवरी बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक 302 कुन्ना कोल के घर के पास से वन विभाग की फेंसिंग बाउंड्री तोड़कर जंगल के अंदर कुछ देर ठहरने बाद वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक पीएफ 358 केकरपानी गांव के कुल्लूगढई, छूलापानी तालाब के जंगल में चतुर सिंह, परसू सिंह के घर के समीप विचरण कर रहे हैं। जंगल के अंदर तेंदू एवं अन्य तरह के पेड़ों को तोड़ते हुए तथा विभिन्न तरह की घास को अपना आहार बना रहे हैं।



### निगरानी मे वन विभाग सक्रिय

दोनों हाथियों ने विगत रात लगभग 20 किलोमीटर का रास्ता तय करते हुए सुबह केकरपानी के जंगल में पहुंचे हैं हाथियों के आने तथा विचरण करने पर जिला प्रशासन के द्वारा अलर्ट किया गया है वही वन विभाग के द्वारा हाथियों के आबादी वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने हेतु विभिन्न तरह के उपाय ग्रामीणों के सहयोग से किए जाने पर हाथियों का समूह आबादी वाले ग्रामीण अंचलों में प्रवेश न करते हुए गांव के किनारे से विचरण करता हुआ दूसरे दिन केकरपानी में विश्राम कर रहा है। जिला प्रशासन एवं वन विभाग ने हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणो,जन प्रतिनिधियो को हाथियों के समीप समूह बनाकर ना जाने, उन्हें परेशान न करने तथा प्राकृतिक रूप से विचरण करने देने की सलाह दी है। प्रशासन एवं वन विभाग ने आबादी वाले क्षेत्रों में हाथियों के प्रवेश की संभावना को देखते हुए वन विभाग, पुलिस विभाग को समुचित कार्यवाही करने के हेतु निर्देशित किया है विगत रात हाथियों के विचरण पर वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा, परिक्षेत्र सहायक जैतहरी आरएस सिकरवार, परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर रामसुरेश शर्मा जैतहरी थाना प्रभारी पीसी कोल, वन्यजीव संरक्षक अनूपपुर शशिधर अग्रवाल, अनूपपुर कोतवाली थाना के सहा उपनिरीक्षक संतोष कुमार वर्मा के साथ वन विभाग के वनरक्षक सुरक्षा श्रमिको के साथ हाथी प्रभावित क्षेत्र के ग्राम पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधियो के अलावा आने को ग्रामों के ग्रामीण भारी संख्या में हाथियों के निगरानी में पूरी रात लग रहे हैं, जिससे विगत दो दिनों के मध्य किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हो सकी है।

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट**
**जिला अनूपपुर (म.प्र.)**

**अधिसूचना**

अनूपपुर, दिनांक 11 जून 2024

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप डिवीजनल रिटेल सेल्स हेड, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड दूसरी मंजिल, ब्लाक नं. 9 स्कीम नं. 18, सिविक सेन्टर मढ़ाताल जबलपुर द्वारा ग्राम कोलिहाटोला तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर (म.प्र.) स्थित आराजी खसरा नम्बर 224 /2 के अंशभाग 1225 वर्गमीटर (35 Mtrsx35 Mtrs) पर न्यू रिटेल आउटलेट (पेट्रोल / डीजल पंप) स्थापित किए जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अत: पेट्रोलियम नियम, 2002 के नियम, 144 के अन्तर्गत, प्रश्नगत आराजी पर पेट्रोल / डीजल पम्प की स्थापना से यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति अधिसूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि समाप्त होने उपरान्त प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**संयुक्त कलेक्टर**
**वास्ते कलेक्टर**
**जिला अनूपपुर (म.प्र.)**